बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–10.07.2023 (सं0–340)

बिहार पुलिस के अधीन आर्थिक अपराध इकाई (EOU) में कार्यरत #1930 नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर 30 लाइन के कॉल सेन्टर की उपलब्धियाँ

जून 2023 की उपलब्धि:–

- माह जून में प्रतिदिन जबाब दिये गये कॉल की औसत संख्या–1,514
- माह जून में कुल प्राथमिकी की संख्या–176
- माह जून में पोर्टल और कॉल सेन्टर के माध्यम से पीड़ितों की बचाइ गई कुल राशि–2,25,46,405/(दो करोड़ पच्चीस लाख छियालिस हजार चार सौ पाँच रुपये)
- **वर्ष 2023 में माह मार्च से जून तक** पोर्टल और कॉल सेन्टर के माध्यम से पीड़ितों की बचाइ गई **कुल राशि–8,50,56,858/–रुपये** (आठ करोड़ पचास लाख छप्पन हजार आठ सौ अन्ठावन) है।

वर्ष 2023	दर्ज प्राथमिकी	पीड़ितों की बचाई गई कुल राशि
मार्च	176	2,12,11,360
अप्रैल	264	1,94,12,362
मई	183	2,18,86,731
जून	176	2,25,46,405
कुल	**799**	**8,50,56,858**

पोर्टल और कॉल सेन्टर के माध्यम से की गयी कुछ शिकायतें जिसका निराकरण किया गया:–

- पटना के एक व्यक्ति को साइबर अपराधियों द्वारा पोस्ट लाइक करने का झांसा देकर 9,63,228/रु0 की ठगी की गयी। बिहार आर्थिक अपराध इकाई द्वारा सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी की गई पूरी राशि 09,63,228/(नौ लाख तिरसठ हजार दो सौ अटठाइस) रु0 संदिग्ध के खातों में होल्ड करायी गयी है।
- शेखपुरा के एक व्यक्ति को साइबर अपराधियों द्वारा यूट्यूब लाइक करने का काम करने एवं टास्क पूरा करने का झाँसा देकर ठगी किये गये लगभग 32 लाख रुपये में से 15,27,102/(पन्द्रह लाख सताईस हजार एक सौ दो) रु0 संदिग्ध के खातों में होल्ड करा लिया गया।
- नवीनगर औरंगाबाद के एक व्यक्ति को टेलीग्राम पर पार्ट टाईम जॉब के नाम पर 4,70,000/–रुपये की ठगी कर ली गई थी, जिसमें 1930 कॉल सेण्टर द्वारा कार्रवाई करते हुए 1,50,000/–रुपये जप्त करा दिया गया। त्वरित सूचना मिलने पर पूर्ण राशि बचायी जा सकती थी।

- बिहार शरीफ नालन्दा के एक व्यक्ति से टेलीग्राम ऐप के माध्यम से मनी इनवेस्टमेन्ट के नाम पर 14,40,856/–रुपये की ठगी की गई, जिसमें से 3,38,681/–रुपये जप्त कराया गया।
- विदेशों में विभिन्न ऐप के माध्यम से पैसा भेजने वालों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। पटना की एक महिला डॉक्टर के द्वारा पोलैण्ड में रहने वाली अपनी बहन को ट्रान्सफर वाईज ऐप के माध्यम से 4,08,000/–रुपये स्थानांतरित किया गया, परन्तु आवेदिका के बहन के खाते में नहीं पहुँचा। आवेदिका द्वारा तुरन्त 1930 कॉल सेण्टर पर शिकायत दर्ज करायी गई और पूरी राशि यानि 4,08,000/–रुपये को जप्त करा लिया गया।
- पटना के एक व्यक्ति के साथ साइबर अपराधियों द्वारा अमेरिका में रहने वाला दोस्त बनकर ठगी की गयी 9,25,000/–रुपये में से 9,19,043/–रुपये (नौ लाख उन्नीस हजार तैतालीस) को सदिग्ध के बैंक खाते में होल्ड करा लिया गया।

साइबर काण्ड से सम्बन्धित कोई भी शिकायत National Cyber Crime reporting Portal के वेवसाईट https://cybercrime.gov.in तथा हेल्प लाइन नम्बर **1930** पर दर्ज कराया जा सकता है।

xxxxxxxx